हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 1 सितंबर 2026

04 चार व्यक्तियों को डायल-112 जवानों ने एफआरवी...



07 जिले के 33 तालाबों में 24.34 प्रतिशत पानी आया, 6 तालाब...



राघौगढ़ | मुंगावली | आरोन | चाचौड़ा | कुंभराज | ब्यावरा | सारंगपुर | नरसिंहगढ़ | खिलचीपुर | जीरापुर | चंदेरी | नईसराय | ईसागढ़

समाचार संक्षेप

जिला जेल में बंद कैदियों का किया मानसिक स्वास्थ्य परीक्षण



गुना । जिला चिकित्सालय गुना के मनकक्ष टीम द्वारा आज जिला जेल में बंद कैदियों का मानसिक स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श किया गया। मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ. देवकी नंदन किरार द्वारा कैदियों की मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के लिये परामर्श एवं उपचार प्रदान किया गया। मानसिक स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान कुछ कैदियों में नींद न आना, घबराहट, बेचैनी तथा नशीले पदार्थों के सेवन से संबंधित समस्याएं पाई गईं। चिकित्सक द्वारा इन कैदियों का परीक्षण कर आवश्यक उपचार एवं मानसिक स्वास्थ्य संबंधी सलाह दी गई।
इस अवसर पर मनोरोग नर्सिंग ऑफिसर रवि सिंह यादव द्वारा कैदियों को मानसिक एवं भावनात्मक समस्याओं के संबंध में जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि मानसिक परेशानी, तनाव, घबराहट, चिंता, नींद की समस्या अथवा अन्य मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्या होने पर समय पर विशेषज्ञ से परामर्श लेना आवश्यक है। कैदियों को राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत टेली-मानस की टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 14416 के बारे में जानकारी दी गई तथा मानसिक स्वास्थ्य सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया समझाई गई। साथ ही मनहित ऐप के माध्यम से उपलब्ध मानसिक स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं एवं सहायता के बारे में भी जानकारी दी।

मौसमी फ्लू से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी

गुना। वर्तमान में मौसम में बदलाव के साथ मौसमी फ्लू के लक्षण आमजन में पाये जा रहे है। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजकुमार ऋषीश्वर ने आमजन से अपील की हैं कि मौसमी फ्लू के लक्षणों में खांसी, बहती नाक, बुखार, शरीर में दर्द, दस्त, गला खराब होना सांस लेने में तकलीफ आदि होने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर संपर्क कर उपचार प्राप्त करें। मौसमी फ्लू के लक्षण होने पर मास्क पहने और भीडभाड वाली जगहों पर जाने से बचें, छींकते या खांसते समय मुंह और नाक को ढकें, आंखों और नाक को छूने से बचें, भरपूर मात्रा में तरल पदार्थ लें, हाथ मिलाना या अन्य शरीरिक संपर्क वाले अभिवादन न करें दूसरों के करीब बैठकर भोजन न करें, साझा की गई सतहों को न हुएं, सर्वजनिक स्थानों पर न थूकें।

मच्छरजनित बीमारियों से बचाव के लिए सावधानी बरतें नागरिक

गुना। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर ने बताया कि वर्तमान में बरसात के मौसम में मच्छरजनित बीमारियों मलेरिया / डेंगू/चिकनगुन्या से बचाव जरूरी है।
सीएमएचओ ने बताया कि मच्छरजनित बीमारियों के मच्छर के लार्वा स्वच्छ पानी जो बरसात के मौसम में जगह-जगह एकत्रित हो जाता है। जिसमें मच्छर के लार्वा पनपते हैं। इसलिए घर एवं घर के आसपास स्वच्छ पानी जमा न होने दें उसे निकालना आवश्यक है। साथ ही मच्छरो से बचाव हेतु मच्छरदानी का उपयोग सोते समय करना आवश्यक है। घर की खिडकियों में मच्छररोधी जाली लगाना आवश्यक है। सांय के समय नीम की पत्तियों का धुंआ करें घर के कूलरों एवं पानी की टंकी आदि को सप्ताह में एक बार साफ कर पुनः पानी भरें। इसी प्रकार गमलो, फीज के ट्रे आदि का पानी भी सप्ताह में एक बार साफ करें। किसी भी प्रकार का बुखार होने पर तुरंत नजदीकी जिला चिकित्सालय में संपर्क कर चिकित्सीय परामर्श प्राप्त कर उपचार करावें।

बच्चे के साथ एसपी ऑफिस पहुंचकर न्याय की लगाई गुहार

महिला को बेचा! बंधक बनाकर रखी गई पीड़िता ने भागकर बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



शहर की हड्डीमिल जगनपुर चक निवासी एक महिला ने अपने ही पति और उसकी सहकर्मी पर जिंदगी बर्बाद करने तथा उसे एक अन्य व्यक्ति को बेचने का सनसनीखेज आरोप लगाया है। सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची पीड़िता ने एसपी को शिकायती आवेदन देकर आरोपियों पर सख्त कार्रवाई और अपने दो मासूम बच्चों को वापस दिलाने की मांग की है। एसपी कार्यालय में शिकायत दर्ज कराते हुए 25 वर्षीय पीड़िता ने बताया कि वर्ष 2018 में उससे बहला-फुसलाकर विवाह किया गया था, जिससे उनके तीन बच्चे हैं। महिला का आरोप है कि पति ने एक महिला के साथ सांठगांठ कर उसकी जिंदगी से खिलवाड़ किया और उसे आमीन को बेच दिया। खरीदने के बाद आमीन ने उसे अपने घर में अवैध रूप से बंद करके रखा। महिला किसी तरह अपनी जान बचाकर वहां से भागने में सफल रही। पीड़िता ने आवेदन में उल्लेख किया है कि पति ने उसके दो छोटे बच्चों को जबरन अपने पास रख रखा है और उससे मिलने तक नहीं दे रहा है। पीड़िता ने एसपी से गुहार लगाई है कि उसे बेचने वाले पति और खरीदने वाले के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए तथा उसके मासूम बच्चों को पति के कब्जे से मुक्त कराकर उसे सौंपा जाए। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है।

बंद मकान का ताला तोड़कर चोरी

दो गैस सिलेंडर, पानी की मोटर गेहूं और नकदी ले उड़े चोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



जिले के मधुसूदनगढ़ थाना अंतर्गत नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 12 में अज्ञात चोरों ने एक मकान को निशाना बनाते हुए नकदी व गृहस्थी का कीमती सामान पार कर दिया। वारदात के समय परिवार सो रहा था। सुबह उठने पर चोरी का पता चला, जिसके बाद पीड़िता ने मधुसूदनगढ़ थाने पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मक्सूदनगढ़ के वार्ड क्रमांक 12 की निवासी रेखा बाई अहिरवार (25) ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि रविवार-सोमवार की दरमियानी रात अज्ञात बदमाश उनके मकान का ताला तोडक़र अंदर दाखिल हुए। चोरों ने घर में रखा सारा सामान अस्त-व्यस्त कर दिया और वहां रखे दो गैस सिलेंडर, एक पानी की मोटर, दो क्विंटल गेहूं तथा 20 हजार रुपये नगद चुराकर चंपत हो गए। सुबह जब परिजन जागे तो कमरे का ताला टूटा हुआ मिला और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। कीमती सामान और नकदी गायब देखकर परिजनों के होश उड़ गए। पीड़िता ने तुरंत मक्सूदनगढ़ थाना पुलिस को घटना की सूचना दी। पीड़िता की रिपोर्ट पर मधुसूदनगढ़ पुलिस ने मामला संज्ञान में ले लिया है।

जिला अस्पताल के पास कोतवाली गली का मामला

बड़ा हादसा टला: जर्जर इमारत की दीवार भरभराकर गिरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

शहर के जिला अस्पताल के समीप स्थित कोतवाली गली में आज सुबह एक पुराना हादसा होते-होते टल गया। यहां एक काफी समय से बनी पुरानी इमारत की दीवार अचानक भरभराकर सीधे सडक़ पर आ गिरी। गनीमत यह रही कि जिस समय यह दीवार गिरी, उस दौरान सडक़ से कोई राहगीर या वाहन चालक नहीं गुजर रहा था, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, उक्त पुरानी और जर्जर हो चुकी बिल्डिंग में निर्माण व मरम्मत का कार्य कराया जा रहा था। इसी दौरान रविवार सुबह अचानक सडक़ किनारे वाली मुख्य दीवार भरभराकर नीचे आ गई। तेज धमाके के साथ दीवार गिरते ही आसपास के क्षेत्र में हडक़ंप मच गया और मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि यह मार्ग जिला अस्पताल और कोतवाली के पास होने के कारण अक्सर व्यस्त रहता है। यदि दीवार गिरते समय वहां से कोई निकल रहा होता तो गंभीर जनहानि हो सकती थी। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि पुरानी इमारतों में काम कराते समय सुरक्षा मानकों का ध्यान रखा जाए।

सवर्ण आर्मी का प्रदर्शन: आर्थिक आधार पर आरक्षण और यूजीसी रोलबैक की मांग

कलेक्ट्रेट तक निकाली रैली, राष्ट्रपति व पीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



शिक्षा, सम्मान और अधिकारों की रक्षा का संकल्प लेकर सवर्ण आर्मी के तत्वावधान में सोमवार को जिला मुख्यालय पर एक विशाल विरोध प्रदर्शन और जन रैली का आयोजन किया गया। संगठन के कार्यकर्ता और पदाधिकारी गुना शहर के हनुमान चौराहे पर एकत्रित हुए, जहां उन्होंने आर्थिक आधार पर आरक्षण लागू करने, यूजीसी रोलबैक करने तथा एससी-एसटी एक्ट में किए गए संशोधनों को वापस लेने की मांगों को लेकर जमकर नारेबाजी की और विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने हाथों में नारों लिखी तख्तियां ले रखी थीं, जिन पर शिक्षा, सम्मान और अधिकार हमारा स्वाभिमान है, जाति नहीं, आर्थिक आधार पर मिले आरक्षण और यूजीसी रोलबैक करो जैसे नारे लिखे हुए थे। इस आंदोलन में युवाओं और बुजुर्गों के साथ बच्चों ने भी हाथों में तख्तियां लेकर अपनी सहभागिता दर्ज कराई। सवर्ण आर्मी का स्पष्ट मत था कि देश में गरीबी और आर्थिक असमानता ही आरक्षण का मुख्य मानदंड होना चाहिए, ताकि हर समाज के जरूरतमंद और गरीब तबके को इसका वास्तविक लाभ मिल सके। हनुमान चौराहे पर उग्र प्रदर्शन और नारेबाजी के बाद कार्यकर्ताओं ने एक विशाल रैली निकाली। यह रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंची। कलेक्ट्रेट परिसर में एकत्रित होकर कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद की। तत्पश्चात सवर्ण आर्मी के प्रतिनिधिमंडल ने जिला प्रशासन के माध्यम से राष्ट्रपति एवं देश के प्रधानमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा। सवर्ण आर्मी मध्य प्रदेश के गुना जिलाध्यक्ष विक्रम सिंह तोमर ने बताया कि वर्तमान व्यवस्था में आर्थिक रूप से कमजोर सवर्णों और अन्य जातियों के साथ न्याय नहीं हो पा रहा है। जातिगत आधार पर आरक्षण से कई प्रतिभावान और जरूरतमंद छात्र-छात्राएं मूलभूत सुविधाओं से वंचित रह जाते हैं। संगठन की प्रमुख मांग है कि सभी जातियों के गरीबों को समानता का अधिकार देते हुए केवल आर्थिक स्थिति के आधार पर ही आरक्षण का लाभ दिया जाए।

क्षमता से अधिक सरिया ओवरलोड कर दौड़ रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



शहर के सबसे व्यस्ततम मार्गों में से एक, पुराने एबी रोड स्थित बड़े पुल के समीप यातायात नियमों की सरेआम धज्जियां उड़ाने का एक गंभीर मामला सामने आया है। दिन के उजाले में एक ट्रैक्टर-ट्रॉली में अत्यधिक मात्रा में लोहे का सरिया ओवरलोड कर ले जाया जा रहा है। वाहन से कई फीट बाहर लटकता यह सरिया न केवल पीछे और आसपास चलने वाले वाहन चालकों के लिए गंभीर खतरा बना हुआ है, बल्कि किसी भी क्षण बड़े हादसे को न्योता दे रहा है। स्थानीय निवासियों और राहगीरों का कहना है कि शहर के मुख्य बाजारों और घनी आबादी वाले इलाकों से गुजरने वाले इस प्रकार के भारी और खतरनाक ओवरलोड वाहनों की आवाजाही पर कोई अंकुश नहीं है। दिन-रात मुख्य सडक़ों पर बिना किसी सुरक्षा घेरे या लाल कपड़े के लटकती लोहे की छड़ें ले जाई जा रही हैं। यदि पीछे से आ रहा कोई दोपहिया वाहन चालक अचानक अनियंत्रित हो जाए या ब्रेक लगा दे, तो यह लटकता हुआ सरिया सीधे जानलेवा साबित हो सकता है। इस लापरवाही ने स्थानीय यातायात पुलिस और नगर प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं।

संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

गुना। जिले में हफ्ते भर पहले एसिड गटकने वाले एक शादीशुदा युवक की जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद अस्पताल पहुंचे परिजन मामले में कुछ भी बोलने से बचते नजर आए, जिससे पूरी घटना को संदिग्ध माना जा रहा है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, नरेंद्र कुशवाह नामक युवक ने करीब एक सप्ताह पूर्व अज्ञात कारणों के चलते एसिड पी लिया था। गंभीर हालत में परिजन उसे तुरंत ग्वालियर ले गए थे, जहां स्वास्थ्य में सुधार होने पर बीते दिन ही उसे वापस गुना लाया गया था। हालांकि, घर पहुंचते ही युवक की तबीयत दोबारा बिगड़ गई, जिसके बाद परिजनों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। वहां डॉक्टरों के अथक प्रयासों के बावजूद बीती शाम उसने दम तोड़ दिया।सोमवार सुबह पुलिस ने शव का पीएम कराकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। बताया जा रहा है कि मृतक शादीशुदा था और पिछले कुछ समय से अपनी ससुराल आरोन में रह रहा था।

कलेक्टर ने समय-सीमा बैठक में लंबित पत्रों की समीक्षा कर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

हाईवे पर गौवंश मिलने पर संबंधित मालिक पर करें कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने कहा कि मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान अंतर्गत आयोजित शिविरों में प्राप्त समस्याओं का मौके पर ही निराकरण करने का प्रयास करें। सभी अधिकारी जन-विश्वास शिविर के दिवस क्षेत्र में भ्रमण कर नागरिकों की समस्याओं को समझें और उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि नागरिकों की समस्याओं का समय पर समाधान हो तथा शासकीय कार्यों में अनावश्यक रूप से प्रकरण लंबित न रहें। इस आशय के निर्देश कलेक्टर कन्याल ने समय-सीमा बैठक के दौरान लंबित पत्रों की समीक्षा करते हुए दिए।
कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में सीएम हेल्पलाइन, मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान, अतिक्रमण, गौवंश व्यवस्था, नाप-तौल, ई-ऑफिस सहित विभिन्न विभागीय प्रकरणों की समीक्षा की गई। बैठक में अपर कलेक्टर अखिलेश जैन, सीईओ जिला पंचायत अभिषेक दुबे सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की विभागवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध एवं त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों को अनावश्यक रूप से लंबित रखना उचित नहीं है। स्वास्थ्य, शिक्षा, जनजातीय कार्य, राजस्व, पंचायत एवं कृषि विभाग सहित सभी विभाग शिकायतों की नियमित मॉनिटरिंग कर निराकरण की गति बढ़ाएं। कलेक्टर कन्याल ने जिले में सड़कों पर आवारा गौवंश की स्थिति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सड़कों पर गौवंश न रहे। सभी गौवंश को गौशालाओं में सुरक्षित रखने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। यदि सड़क पर गौवंश पाया जाता है तो संबंधित गौवंश मालिक की पहचान कर उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए। उन्होंने नेशनल हाईवे पर प्रकाश व्यवस्था की नियमित निगरानी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हाईवे पर पर्याप्त एवं सुचारू प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि दुर्घटनाओं की संभावना को कम किया जा सके।

अतिक्रमण पर प्रारंभिक स्तर पर ही करें कार्रवाई

कलेक्टर ने नगर पालिकाओं को अतिक्रमण रोकने के लिए विशेष टीम गठित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नदी-नालों के मार्ग अथवा जल निकासी के रास्तों पर अतिक्रमण होने से पहले ही प्रभावी कार्रवाई की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि नदी-नालों के आसपास निर्माण कार्यों में निर्धारित दूरी एवं नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाए तथा नियम विरुद्ध निर्माण पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

नाप-तौल विभाग को कार्रवाई के निर्देश

कलेक्टर ने नाप-तौल विभाग को निर्देश दिए कि कम मात्रा में सामग्री देने, गलत तौल करने अथवा उपभोक्ताओं के साथ किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए। बाजारों में नियमित जांच अभियान चलाकर यह सुनिश्चित किया जाए कि उपभोक्ताओं को निर्धारित मात्रा में सही सामग्री मिले। साथ ही एक्सपायरी डेट की वस्तुओं की बिक्री पर भी प्रभावी निगरानी रखते हुए कार्रवाई की जाए। बैठक में लंबित पत्रों की विभागवार समीक्षा की गई। भूमि आवंटन से संबंधित प्रकरणों पर भी चर्चा कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने ई-ऑफिस व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने के निर्देश दिए।

हनुमान अंश फिल्म के म्यूजिक डायरेक्टर साधु तिवारी ने की दर्शकों से चर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

हनुमान अंश फिल्म के म्यूजिक डायरेक्टर और गायक साधु तिवारी का रविवार देर शाम गुना आगमन हुआ। इस दौरान उनका भार्गव कॉलोनी स्थित बंटी किरार के नीम करोली धाम पर परिचितों और शुभचिंतकों द्वारा स्वागत किया गया। इसके बाद वे सौम्य सिनेप्लेक्स में हनुमान अंश फिल्म के प्रमोशन के लिए गए और दर्शकों से बातचीत की। उन्होंने बताया कि वह 15 साल से फिल्म इंडस्ट्री में संघर्ष कर रहे हैं और पहले भी कई फिल्मों में म्यूजिक और गाने कंपोस्ट किए हैं। इस फिल्म को शुरू में अच्छा रिस्पांस नहीं मिला था, लेकिन दो सप्ताह बाद इसको बॉक्स ऑफिस पर अच्छा रिस्पांस मिला और दर्शकों ने इसको खूब सराहा है। इसके दो गाने पार्वती और आवागमन दर्शकों को विशेष पसंद आ रहे हैं और गुना, ग्वालियर सहित पूरे अंचल में यह फिल्म खूब धूम मचा रही है।

समाचार संक्षेप

आशीष कासट 2 सितंबर को इंदौर में आयोजित कार्यक्रम में होंगे सम्मानित



कुम्भराज। सरोवर संस्था के जनक और सेलिब्रेशन इवेंट के डायरेक्टर कुम्भराज की तुलसीदास जयंती पर 39 वर्षों से सफलता पूर्वक कवि सम्मेलन सम्पन्न कराने वाले साहित्य के क्षेत्र के सशक्त हस्ताक्षर, आशीष कासट का व्यवसायिक राजधानी इंदौर की धरती पर 2 सितंबर को एक विशाल आयोजन के अवसर पर वरिष्ठ कवि सत्यनारायण सत्तन, अशोक भाटी और प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के हाथों काका हाथरसी पुरस्कार से सम्मानित किया जावेगा। इनके बारे में कवि सत्येन वर्मा ने अपनी फेसबुक बाल पर लिखा है कि आशीष का देश के कवियों के प्रति शालीन व्यवहार और निष्ठा ने कवियों का मन से पूजन करते है जिसके एवज मे राष्ट्रीय कलमकार मंच द्वारा सम्मानित किया जाएगा। बता दें कि साहित्य के क्षेत्र में आशीष कासट का बचपन से ही कवियों के प्रति लगाव रहा है और इनके द्वारा आयोजित कवि सम्मेलन मे दर्जनों ख्याति प्राप्त कवि अपनी कविता पाठ से इतिहास रच चुके हैं।

कुंभराज में भारत को जानो अखिल भारतीय लिखित परीक्षा का आयोजन



कुंभराज। भारत विकास परिषद मध्य भारत उत्तर प्रांत की शाखा कुंभराज द्वारा भारत को जानो अखिल भारतीय लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया, जिसमें कुंभराज नगर के प्रसिद्ध स्कूलों ने भाग लियाजिन में प्रमुख रहे महेश विद्या मंदिर न्यू ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल श्री विनायक विद्या निकेतन सरस्वती ज्ञान मंदिर सभी स्कूलों से 178 बच्चों ने परीक्षा में भाग लिया। परीक्षा संपन्न कराने में महेश विद्या मंदिर का सहयोग रहा। परिषद के सदस्यों में से शाखा अध्यक्ष नरेंद्र चांडक शाखा सचिव अजय कश्यप प्रांतीय सहसंयोजक राजेश श्रीमाल चंद्रेश झवर मनीष कुमार साहू उपस्थित रहे।

राघोगढ़ में निकली संत रविदास जी की समरसता यात्रा



राघौगढ़। रविवार को राघौगढ़ मंडल में संत शिरोमणि श्री रविदास जी महाराज की 650 वीं जयंती के उपलक्ष में समरसता यात्रा के तहत कलश यात्रा बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ हनुमान फाटक से प्रारंभ होकर रविदास मंदिर पंचकुइया तक निकाली गई। कलश यात्रा में अनुसूचित जाति मोर्चा गुना के जिला अध्यक्ष नरेंद्र बड़कुल राघौगढ़ मंडल अध्यक्ष अंकित शर्मा बक्फ बोर्ड सदस्य अनिमेष भार्गव, महामंत्री दुर्गेश शरण नगर पालिका के एल्डरमैन राजेंद्र कुमार वास्त्री, राम भरोसा सैनी, प्रताप जाटव, रामप्रसाद वाल्मीकि अनेक कार्यकर्ता सहित भक्तजन उपस्थित थे।

म्याना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भदौरा के पास मोटर साइकिल दुर्घटनाग्रस्त

चार व्यक्तियों को डायल-112 जवानों ने एफआरवी वाहन से पहुंचाया अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



पुलिस द्वारा आपातकालीन परिस्थितियों में आमजन को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में थाना म्याना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना की सूचना मिलते ही डायल-112 के जवानों ने तत्परता दिखाते हुए दुर्घटना में घायल हुए चार व्यक्तियों को समय पर अस्पताल पहुँचाकर मानवीय संवेदनशीलता एवं कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया। 30 अगस्त 2026 को शाम करीब 05:23 बजे राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112 भोपाल में सूचना प्राप्त हुई कि थाना म्याना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भदौरा के पास मोटर साइकिल दुर्घटनाग्रस्त हो गई है, जिसमें चार व्यक्ति घायल हैं तथा तत्काल पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना प्राप्त होते ही म्याना थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112 FRV वाहन को बिना विलंब घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। डायल-112 स्टाफ आरक्षक देवदत्त वर्मा एवं पायलेट दामोदर धाकड़ तत्काल मौके पर पहुँचे। घटनास्थल पर पहुँचने पर ज्ञात हुआ कि मोटर साइकिल अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई थी, जिससे उस पर सवार चार व्यक्ति घायल हो गए थे। डायल-112 जवानों ने तत्परता एवं संवेदनशीलता दिखाते हुए सभी घायलों को FRV वाहन की सहायता से उपचार हेतु शासकीय अस्पताल, गुना पहुँचाया। डायल-112 जवानों की इस त्वरित कार्यवाही से दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को समय पर चिकित्सा सहायता उपलब्ध हो सकी।

जामनेर पुलिस ने टोड़रा के दो फड़ों पर दबिश देकर दबोचे एक दर्जन जुआरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



जिले की जामनेर थाना पुलिस ने टोड़रा गांव में अलग-अलग जगहों पर संचालित जुए के फड़ों पर दबिश देकर 12 जुआरियों दबोचे हैं। जिनके पास से पुलिस ने कुल 11,230 रूपये नगदी सहित ताश की गड्डियां बरामद की हैं। जानकारी के अनुसार गत रात पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि टोडरा गांव में अलग-अलग दो जगहों पर कुछ लोग फड़ जमाकर तास पत्तों से जुआ खेल रहे हैं। उक्त सूचना पर पुलिस ने दोनों जुआ फड़ों पर दबिशें देकर दोनों जगहों पर जुआ खेल रहे 6-6 जुआरी धर दबोचे। पहले फड़ से आरोपीगण प्रेमनारायण पुत्र मिश्रीलाल धाकड़, महेशबाबू पुत्र मल्थूराम धाकड़, कालूराम पुत्र मिश्रीलाल धाकड़, रघुवीर पुत्र रामप्रसाद धाकड़, श्रीलाल पुत्र मानिसंह धाकड़ एवं भूरालाल पुत्र मिश्रीलाल धाकड़ सभी निवासी ग्राम टोडरा थाना जामनेर को पकडक़र मौके से 8,600 रूपये नगदी एवं ताश की एक गड्डी विधिवत जप्त की। सभी जुआरियों के विरुद्ध अप.क्र. 189/26, धारा 13 जुआ एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्यवाही की गई।

भुजरिया पर्व पर शिव मंदिर से श्रद्धालुओं ने निकाली प्रभात फेरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़

राघौगढ़ प्रभातफेरी के सभी भक्तों ने भुजरिया पर्व शिव मंदिर में धूमधाम से मनाया सभी ने भजन कीर्तन संकीर्तन किये। शिव शंकर परिवार की महा आरती की और सभी भक्तों ने आपस में सभी से भुजरियां मिलन किया और एक दूसरे को बंधाई शुभकामनाएं दी। सभी छोटों ने अपने बड़ों से स्नेही आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर भुजरिया मिलन समारोह में प्रभातफेरी के दर्शन सिंह गुर्जर गोपाल कोठारी दुर्गा प्रसाद सोनी राजेंद्र कुमार वास्त्री नरेश वर्मा सावित्री शर्मा महेश शर्मा दुर्गा शर्मा मुकेश सैनी नाथूलाल सैनी विष्णु प्रसाद मेर ओझा जी हर स्वरूप मेर के साथ कमलेश मेर किशन लाल प्रजापति भगवान बुनकर रामप्रसाद बिल्ला वालमीक के साथ प्रभातफेरी के सभी भक्त शमिल थे।

खंडहर मकान में चल रहे जुए के फड़ से 47,910 रु नकदी और ताश की गड्डी जब्त, 6 जुआरी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़



राघौगढ़ थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि राघौगढ़ कस्बा स्थित एक खंडहर मकान में कुछ व्यक्तियों द्वारा बड़े स्तर पर जुआ खेला जा रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और खंडहर मकान की घेराबंदी कर दबिश दी। पुलिस को देखकर जुआ खेल रहे व्यक्तियों में भगदड़ मच गई। लेकिन इस बीच पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए मौके से 06 जुआरियों को पकड़ लिया एवं 07 जुआरी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए। पकड़े गए जुआरियों ने पूछताछ में अपने नाम आकाश पुत्र सुरेशचन्द्र वास्त्री उम्र 26 साल निवासी तहसील के पीछे राघौगढ़, राजकुमार पुत्र राजू सैनी उम्र 26 साल निवासी रामनगर रोड़ राघौगढ़, सोवरन पुत्र प्रेम बाल्मिकी उम्र 36 साल निवासी कबीरपुरा राघौगढ़, कल्लू उर्फ तिलक कोरी पुत्र जगदीश कोरी उम्र 26 साल निवासी तहसील के पीछे राघौगढ़,फैजान पुत्र फिरोज खान उम्र 25 साल निवासी बिलाल मस्जिद के पास राघौगढ़ एवं आमिर शोहिल उर्फ बिट्टू पुत्र रियाज मोहम्मद उम्र 27 साल निवासी किला बायपास रोड़ राघौगढ़ के बताए तथा अपने फरार साथियों के नाम शौरभ जैन, अंकित शर्मा, दिनेश चश्मा निवासीगण गुना, शम्भू बंजारा निवासी पंजेड़ा, गंजी मीना निवासी मोईया, चिन्टू सोनी निवासी राघौगढ़ एवं 7-नरेश मीना निवासी मोईया के बताए गए। आरोपियों से पृथक-पृथक पूछताछ में उनके द्वारा फरार आरोपियों के साथ संगठित रूप से जुआ खेलने की जानकारी सामने आई। पुलिस द्वारा मौके पर विधिवत कार्यवाही करते हुए 47,910/- रुपये नकद एवं ताश की एक गड्डी जब्त की गई। इस मामले में जुए के इस संगठित गिरोह के कुल 13 सदस्यों के विरुद्ध राघौगढ़ थाने में अपराध क्रमांक 236/26, धारा 13 जुआ एक्ट एवं 112(1) बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्यवाही की गई है।

कांग्रेस की बैठक में कार्यकर्ताओं को जमीनी स्तर पर सक्रिय रहने का संदेश



शाढ़ौरा। कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से रविवार दोपहर स्थानीय गार्डन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में शाढ़ौरा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के प्रभारी जमील खां जमींदार ने मंडल प्रभारियों, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से संगठन को बूथ एवं जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए सक्रियता से काम करने का आह्वान किया। बैठक में ब्लॉक प्रभारी जमींदार ने कार्यकर्ताओं को सेवा और समर्पण के साथ संगठन के लिए कार्य करते रहने तथा आम लोगों से लगातार संपर्क बनाए रखने की बात कही। इस दौरान संगठन की आगामी गतिविधियों और क्षेत्र में पार्टी की मजबूती को लेकर भी चर्चा की गई। बैठक में विधायक इंजीनियर हरिबाबू राय, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजेंद्र सिंह कुशवाह, ब्लॉक अध्यक्ष सोनू रघुवंशी, हरबीर सिंह रघुवंशी, सौरभ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ब्लॉक कांग्रेस कर हार्दिक स्वागत बन्दन अभिनन्द भार्गव, निखिल रघुवंशी, मनोज यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ता रघु शर्मा ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। ब्लॉक प्रभारी जमील खां जमींदार, विधायक हरिबाबू राय एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र सिंह कुशवाह ने माला पहनाकर उनका कांग्रेस में स्वागत किया। रघु शर्मा ने बताया कि वे पिछले 12 वर्षों से भाजपा में सक्रिय थे और अब भाजपा छोड़कर कांग्रेस से जुड़े हैं।

निरीक्षक हरवीर सिंह व उप निरीक्षक राजकुमार भट्ट सेवानिवृत्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



पुलिस विभाग में वर्षों तक अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा, समर्पण एवं जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने वाले निरीक्षक हरवीर सिंह रघुवंशी एवं उप निरीक्षक राजकुमार भट्ट के सेवानिवृत्ति अवसर पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय, अशोकनगर में गरिमामय एवं भावपूर्ण विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दोनों अधिकारियों की दीर्घकालीन सेवाओं, अनुभव एवं विभाग के प्रति समर्पण को स्मरण करते हुए उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई दी तथा सेवानिवृत्ति उपरांत स्वस्थ, सुखद, शांतिपूर्ण एवं मंगलमय जीवन के लिए हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

लगभग चार दशक की अनुकरणीय पुलिस सेवा निरीक्षक हरवीर सिंह रघुवंशी निरीक्षक हरवीर सिंह रघुवंशी का जन्म 03 अगस्त 1964 को हुआ। उन्होंने 20 दिसंबर 1988 को पुलिस विभाग में अपनी सेवायात्रा प्रारंभ की तथा पुलिस प्रशिक्षण शाला, शिवपुरी से बुनियादी प्रशिक्षण प्राप्त किया। अनुशासन, कर्तव्य परायणता एवं उत्कृष्ट कार्यशैली के साथ उन्होंने विभाग में निरंतर दायित्वों का निर्वहन करते हुए विभिन्न पदों पर सेवाएं प्रदान कीं।

32 वर्षों से अधिक की समर्पित सेवा: उप निरीक्षक राजकुमार भट्ट का जन्म 13 अगस्त 1964 को हुआ। उन्होंने 07 मार्च 1991 को पुलिस विभाग में अपनी सेवायात्रा प्रारंभ की तथा पुलिस प्रशिक्षण शाला, शिवपुरी से बुनियादी प्रशिक्षण प्राप्त किया। भट्ट ने कर्तव्य के प्रति पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ पुलिस विभाग में विभिन्न जिम्मेदारियों का निर्वहन किया।

सेवा से विदाई, सम्मान से नहीं पुलिस अधीक्षक ने किया अभिनंदन विदाई समारोह में पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा ने दोनों सेवानिवृत्त अधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पुलिस विभाग में उनके द्वारा प्रदान की गई दीर्घकालीन सेवाएं सदैव स्मरणीय रहेंगी। पुलिस सेवा केवल एक शासकीय नौकरी नहीं, बल्कि समाज एवं राष्ट्र की सुरक्षा के प्रति समर्पण, जिम्मेदारी और कर्तव्य का दायित्व है। दोनों अधिकारियों ने अपने सेवाकाल में इस जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा एवं कर्तव्य भावना के साथ निर्वहन किया है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सेवानिवृत्ति शासकीय दायित्वों से औपचारिक विदाई अवश्य है, लेकिन वर्षों की मेहनत, अनुभव, कर्तव्यनिष्ठा एवं विभाग के प्रति समर्पण कभी सेवानिवृत्त नहीं होता। दोनों अधिकारियों द्वारा प्रदान की गई सेवाएं अशोकनगर पुलिस परिवार की स्मृतियों में सदैव सम्मान के साथ जीवंत रहेंगी।

सचिन त्यागी बने युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय समन्वयक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



भारतीय युवा कांग्रेस द्वारा संगठनात्मक एवं राजनीतिक गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे बेटर सिटी, आईवायसी उर्बन, कैम्पन के तहत युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय समन्वयक के रूप में सचिन त्यागी को गुजरात के सूरत शहर का प्रभारी नियुक्त किया गया है।

भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रभारी मनीष शर्मा एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब द्वारा जारी पत्र दिनांक 29 अगस्त में देश के विभिन्न प्रमुख शहरों के लिए राष्ट्रीय समन्वयकों की जिम्मेदारियां निर्धारित की गई हैं। इसी क्रम में सचिन त्यागी को सूरत की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सभी नियुक्त 1 सितंबर 2026 से अपने निर्धारित क्षेत्र में पहुंचकर अभियान की जिम्मेदारियां प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए हैं।

इस अभियान के अंतर्गत वार्ड स्तर पर जनसंपर्क एवं संवाद, श्रमिक एवं शहरी समुदायों से जुड़ाव, स्थानीय नागरिक समस्याओं की पहचान, जनहित के मुद्दों को संबंधित अधिकारियों के समक्ष उठाना तथा समाधान की दिशा में लोकतांत्रिक एवं संगठनात्मक प्रयास करना प्रमुख रूप से शामिल है। सचिन त्यागी ने इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व एवं शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन द्वारा दी गई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा, ईमानदारी और प्रतिबद्धता के साथ निभाया जाएगा।

यूजीसी कानून वापसी और आरक्षण में सुधार की मांग

ब्राह्मण समाज की आवश्यक बैठक संपन्न 2 सितंबर को बड़े आंदोलन का ऐलान



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

आगामी समय में संभावित यूजीसी से जुड़े कानूनों और वर्तमान आरक्षण व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर ब्राह्मण समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में समाज के प्रमुख प्रबुद्धजनों, युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों ने हिस्सा लिया और वर्तमान सामाजिक परिदृश्य पर गंभीर चर्चा की।

यूजीसी कानून का विरोध बैठक में एक स्वर में यह निर्णय लिया गया कि यूजीसी से जुड़े उन प्रावधानों और कानूनों को पूर्ण रूप से वापस लिया जाए, जो समाज के एक बड़े वर्ग के हितों और उच्च शिक्षा की समानता के खिलाफ प्रतीत होते हैं। समाज ने इसे शिक्षा के क्षेत्र में भेदभाव बढ़ाने वाला कदम बताया।आरक्षण व्यवस्था में सुधार की मांगरू वक्ताओं ने कहा कि आज देश को ऐसी आरक्षण नीति की आवश्यकता है जो आर्थिक रूप से कमजोर और वास्तव में जरूरतमंद हर वर्ग के व्यक्ति तक पहुंचे। वर्तमान व्यवस्था में व्याप्त विसंगतियों को दूर करने के लिए आरक्षण में व्यापक सुधार किए जाने की पुरजोर मांग उठाई गई। 02 सितंबर 2026 के आंदोलन की हुंकाररू समाज के अधिकारों की रक्षा और अपनी न्यायसंगत मांगों को सरकार तक पहुंचाने के लिए आगामी 02-09-2026 को एक विशाल आंदोलन में पूरी ताकत के साथ सम्मिलित होने का निर्णय लिया गया।

समाज की अपील

बैठक के अंत में सभी पदाधिकारियों ने क्षेत्र के समस्त ब्राह्मण समाज, युवाओं और अन्य प्रबुद्ध नागरिकों से आह्वान किया कि वे अपनी वैचारिक और सामाजिक एकता का परिचय देते हुए 2 सितंबर को होने वाले इस आंदोलन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल हों। वक्ताओं ने स्पष्ट किया कि यह आंदोलन किसी के विरोध में नहीं, बल्कि समाज के अधिकारों, समानता और न्याय की सुदृढ़ स्थापना के लिए है।



संडे ऑन साइकिल रैली के साथ तीन दिवसीय आयोजन संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

खेल और युवा कल्याण विभाग मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार एवं अंतर सिंह कनेश अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में तीन दिवसीय खेल दिवस आयोजन 28 से 30 अगस्त तक आयोजित किए गए। प्रथम दिवस एथलेटिक्स कराते एवं बैडमिंटन के मैत्री मैच कराए गए। 29 अगस्त को मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में हर्षोल्लास से मनाया गया।

इस आयोजन में समस्त खेलों के खिलाड़ियों के अलावा खेल प्रशिक्षक एवं आमजन उपस्थित रहे और मेजर ध्यानचंद को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें याद किया गया। तीसरे दिवस 30 अगस्त को फिट इंडिया के तहत साइकिल रैली आयोजित हुई। इस रैली का आयोजन राणा शशिन्द्र पार्क से स्टेशन रोड तक किया गया। प्रभारी खेल अधिकारी अरुण रघुवंशी ने बताया कि तीन दिवसीय खेल आयोजनों का उद्देश्य खिलाड़ियों में खेल भावना एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता पैदा करना एवं स्वस्थ जीवन शैली को अपनाना है। प्रधानमंत्री के मूल मंत्र एक घंटा खेल के मैदान में को अपनाकर युवा छात्र-छात्राएं खुद को फिट रख सकते हैं।

कलेक्टर की अध्यक्षता में राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक

राजस्व संबंधी प्रकरणों का निपटारा समय सीमा में करें राजस्व अधिकारीः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



जिले के समस्त राजस्व अधिकारी राजस्व संबंधी कार्यों को गंभीरता से लेकर प्रकरणों का निराकरण समय सीमा में करें। जिससे आमजन को राजस्व संबंधी सेवाएं समय सीमा में प्राप्त हो सके। यह निर्देश कलेक्टर साकेत मालवीय ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित राजस्व अधिकारियों को राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक में दिए।

बैठक में कलेक्टर ने मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान अंतर्गत आयोजित शिविरों में राजस्व संबंधी सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का निराकरण एवं लोक सेवा गारंटी अधिनियम अंतर्गत सेवाएं का त्वरित निराकरण करने पर अधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने निर्देश दिए कि राजस्व संबंधी निराकृत प्रकरणों को आरसीएमएस पोर्टल पर दर्ज किया जाए। उन्होंने नामांतरण, सीमांकन, राजस्व रिकॉर्ड सुधार के प्रकरण की तहसीलवार समीक्षा कर प्रकरणों को समय सीमा में निराकृत किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविरों के दौरान फार्मर आईडी बनाये जाने का डेटा तैयार किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व वसूली 2026-27 की प्रगति की समीक्षा कर राजस्व वसूली बढाये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने तहसीलवार सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि संबंधित तहसीलदार शिकायतों का निराकरण कर ए ग्रेड में आना सुनिश्चित करें। उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के पात्र हितग्राहियों की ई-केवायसी का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण किया जाए।

उन्होंने निर्देशित किया कि खरीफ गिरदावरी का कार्य समय सीमा में पूर्ण कराया जाए। उन्होंने भू-अर्जन,सिविट सूट के लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर जानकारी अपडेट रखे जाने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त एसडीएम को निर्देशित किया कि खण्ड स्तरीय समीक्षा बैठकें निरंतर आयोजित की जाए। बैठक में मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त आवेदनों का निराकरण,केन्द्रीय मंत्री की जनसुनवाई के आवेदनों, जनप्रतिनिधियों से प्राप्त आवेदनों पर प्राप्त कार्यवाही की विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए।

खबर संक्षेप

घर से सोने चांदी के जेवर चोरी कर ले गए

अशोकनगर। जिले के शाढ़ौरा थाने के अंतर्गत ग्राम मथनेर निवासी सोनू अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके घर से बीती रात अज्ञात चोर फरियादी के घर का ताला तोड़कर सोने चांदी के जेबर और नगदी चोरी कर ले गए। जिसमें पायल, करदोनी, मंगलसूत्र, चूड़ी कान के बाला और नगदी 20 हजार रूपए शामिल हैं।

न्यायालय के आदेश के बाद धोखाधड़ी का मामला दर्ज

अशोकनगर। जिले के नईसराय थाने के अंतर्गत तहसील कार्यालय न्यायालय द्वारा दिए गए आदेश के बाद पुलिस ने सहायक उप निरीक्षक अवधेश प्रताप रघुवंशी की रिपोर्ट पर से संयज पुत्र कोमल सिंह अहिरवार निवासी तहसील परिसर नईसरांय द्वारा अपनी भूमि के स्वामित्व के कूटरचित दस्तावेज तैयार किए जाने का मामला सामने आया है।

जुए के अडडों पर छापामार कार्रवाई

अशोकनगर। जिले में पुलिस ने जुए के अडडों पर छापामार कार्यवाही की है। देहात पुलिस ने शंकर कॉलोनी में ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए शिवराज अहिरवार, साजिद मुसलमान, देवेन्द्र अहिरवार,चंदन अहिरवार, आजाद अहिरवार को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से पुलिस ने ताश की गडडी और 2200 रूपए बदामद किए है। जिले की कोतवाली पुलिस ने कछियाना मोहल्ला में इमली के पेड के नीचे ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए वीरेन्द्र कुशवाह, नंदकिशोर शर्मा को गिरफ्तार किया है जिनके पास से ताश की गडडी और 800 रूपए बरामद किए गए हैं।

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत बंटी नामदेव निवासी पिपरई ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी लल्लू कोरी ने उससे छोटे चाकू से मारपीट की और उसकी गर्दन पर प्रहार किया,जान से मारने की धमकी दी। जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम वायंगा निवासी बल्लू पुत्र कृष्णलाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी भोलू, यशपाल, सौरभ, अंशुल यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम परीक्षा चक्क निवासी रतिराम कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सोनू कुशवाह और जीतू कुशवाह ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत मुंगावली निवासी सोनू दोहरे ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी हवलदार सिंह जाटव, आंकाशू जाटव, राहुल चैधरी, पंकज परिहार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत बामौरी निवासी पुष्पा सेन ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी गजेन्द्र लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम प्यासी निवासी रविन्द्र दांगी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी धर्मेन्द्र और नीलेश दांगी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

मारपीट करने वाले को 2 वर्ष का सश्रम कारावास

अशोकनगर। प्रथम न्यायिक मजिस्ट्रेट शुभम द्विवेदी जिला अशोकनगर द्वारा निर्णय पारित करते हुये जमीनी विवाद को लेकर मारपीट करने वाले आरोपी जसमन पुत्र काशीराम जाटव, उम्र 34 वर्ष, निवासी ग्राम मढ़ी महिदपुर, थाना नईसराय जिला अशोकनगर को 02 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 1000 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। मीडिया सेल प्रभारी जिला अभियोजन संचालनालय द्वारा बताया गया कि फरियादी बालू जाटव ने थाना नईसराय में रिपोर्ट लेख कराई कि 13/02/2024 को दिन के लगभग 11 बजे वह उसके घर के बाहर खेरे में था। उसी खेरे की जमीन को लेकर उसका भतीजा जसमन जाटव बोला कि ये जमीन उसकी है और मुझसे गाली गलौंच करने लगा, जब मैंने गाली गलौच करने से मना किया तो जसमन ने उसकी लाठी से मारपीट कर दी।

अधिकांश तालाब पानी की कमी से जूझ रहे, बारिश का अब भी इंतजार

जिले के 33 तालाबों में 24.34 प्रतिशत पानी आया, 6 तालाब 100 प्रतिशत भरे

अशोकनगर की जनता की प्यास बुझाने वाले अमाही जलाशय में 23 में से 13 फीट पानी पहुंचा





हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

एक ओर प्रदेश में कईं जिलों में वर्षा रिकार्ड तोड़ रही है वहीं अशोकनगर जिले में वर्षा की गति धीमी है। वर्षा के अभाव में जिले के 33 तालाबों में से 6 तालाबों में 100 प्रतिशत पानी आया है। शेष सभी तालाब पानी की कमी से जूझ रहे हैं। सावन का महीना व्यतीत हो गया है, भादों की शुरूआत हो गई है उसके बाबजूद भी जिले में पानी की लगातार कमी बनी हुई है। अगस्त का महीना व्यतीत हो गया है। सितंबर के पहले पखवाड़े की शुरूआत आज से हो रही है। जिले में भले ही फसलों की दृष्टि से टुकड़ों में बारिस हो गई हो लेकिन झमाझम बारिस न होने से जिले के अधिकांश तालाब पानी की कमी से खाली पड़े हैं।

6 तालाबों में 100 प्रतिशत पानी, 8 तालाब ब्लो जलस्तर पर

अशोकनगर जिले में तालाबों की यह ताजा जानकारी जल संसाधन विभाग के आंकड़ो के अनुसार है, उपयंत्री श्रृद्धा विश्वकर्मा ने बताया कि जिले में 100 प्रतिशत पानी वाले 6 तालाब है, 90 से 99 प्रतिशत वाला एक तालाब, 75 प्रतिशत से 89 प्रतिशत वाला एक भी तालाब नहीं। 50 प्रतिशत से 74 प्रतिशत तक के 3 तालाब हैं, 25 से 49 प्रतिशत तक वाले 8 तालाब हैं और 10 प्रतिशत से 24 प्रतिशत वाले 5 तालाब हैं वहीं 10 प्रतिशत से कम वाले 2 तालाब हैं। ब्लो जल स्तर वाले 8 तालाब शामिल हैं।

अशोकनगर जिला कृषि प्रधान जिला है, यह तालाब जल स्तर को बढाने में मददगार हैं लेकिन इस बार जिले में 4 तहसीलों में मुंगावली और चन्देरी में तो वर्षा ठीक है लेकिन अशोकनगर और ईसागढ तहसील में वर्षा की गति धीमी है जिसके कारण जल स्त्रोतों में पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं आया है। अशोकनगर शहर के अंदर बहने वाला तुलसी सरोवर और पछाड़ीखेडा डेम दोनो ही खाली पड़े हैं। धीमी वर्षा से तालाबों में पानी आने के जो स्त्रोत हैं उनमें धार नहीं बन पा रही है जिसके कारण तालाबों में पानी नहीं पहुंच पा रहा है यह तालाब आसपास की छोटी नदियों पर निर्भर हैं अगर इन नदियों में पानी है तभी तालाबों में पानी आएगा, लेकिन रिमझिम वर्षा से नदियों में धार नहीं बन पा रही है।

जल संसाधन विभाग के आंकड़ों में कई तालाबों में पानी की कमी

जल संसाधन विभाग के आंकड़ों में कईं तालाबों में पानी की कमी बनी हुई है उपयंत्री श्रद्धा विश्वकर्मा ने बताया कि जिले के कौंचा डेम में पानी का जल स्तर 93.64, मोला डेम में 60.94, अमाही डेम में 30.45, बरखेडा छज्जू डेम में 0 प्रतिशत, जमाखेडी डेम में 30.50, मढी कानूनगो डेम में 43.93 प्रतिशत, पछाडीखेडा तालाब में 0 प्रतिशत, तुलसी सरोवर में 14.89 प्रतिशत, अनराई डेम में 35.75 प्रतिशत, बनैट तालाब में 0, मरौली तालाब में 3.85, ढाकोनी तालाब में 31.09, ईदौर तालाब में 0 प्रतिशत, जलेश्वर तालाब में 0,कदवाया फीडर में 100.0, कदवाया टैंक में 43.48, मुढेरी टैंक में 4.48, नरसूखेड़ी टैंक में 37.97, पचलाना टैंक में 100., सर्कारा टैंक में 0, साहपुर तालाब में 22.54, श्यामाटोरी टैंक में 53.78, केशोपुर टैंक में 13, प्यासी टैंक में 0 प्रतिशत, साजनमउ टैंक में 23.53, उमरिया डैम में 40.17, फतैहाबाद टैंक में 100. कुंवरपुर टैंक में 100, मोहनपुर टैंक में 100, नयाखेड़ा टैंक में 100 प्रतिशत, रामनगर टैंक में 56.6, सिंगपुर चाल्दा तालाब में 0 और विक्रमपुर तालाब में 11.71 प्रतिशत पानी आया है। औसत रूप से जिले के इन तालाबों में 24.34 प्रतिशत ही पानी आया है।

जिले में वर्षा के आंकडे

जिले में अगर वर्षा के आंकडों पर नजर डाली जाए तो जिले की चार तहसीलों में से सिर्फ मुंगावली तहसील ऐसी हैं जहां 805 मिलीमीटर वर्षा हुई है। दूसरे स्थान पर चंदेरी तहसील है जहां 696 मिलीमीटर वर्षा हुई है। ईसागढ तहसील में 426 मिलीमीटर वर्षा हुई है उसके बाद सबसे कम अशोकनगर तहसील है जंहा 418 मिलीमीटर वर्षा हुई है। जिले की 4 तहसीलों को मिलाकर औसत वर्षा के रूप में 882 मिलीमीटर वर्षा की जरूरत है। जिसकी तुलना में अभी तक 586 मिलीमीटर वर्षा हुई है, वर्षा जिले में कईं दिनों से थमी है। जिसके कारण तालाबों में पानी नहीं पहुंच पा रहा है। अशोकनगर जिले में अभी तक कुल वर्षा का प्रतिशत 66.47 है, अगर अलग अलग तहसीलों की बात करें तो अशोकनगर में 49.18 प्रतिशत, चंदेरी में 69.60, ईसागढ में 48.52, और मुंगावली में 100.63 प्रतिशत है। अगर यहीं वर्षा तेज गति से हुई होती तो जिले के सारे जल स्त्रोत पानी से लबालब हो चुके होते लेकिन जिले में वर्षा कहीं 5 तो कहीं 10 मिलीमीटर वर्षा हो रही है जिसके कारण यह वर्षा की कमी बनी है। जिन तालाबों में 100 प्रतिशत पानी आया है उन तहसीलों में वर्षा अच्छी हो गई है, अशोकनगर और ईसागढ तहसील में कम वर्षा होने के कारण यहां के तालाब पानी की कमी से जूझ रहे हैं।

2009 में भी 14 फीट पानी रहने से जल संकट पैदा हुआ था

जिले के एक मात्र अमाही तालाब के द्वारा अशोकनगर शहर के नागरिकों को पीने का पानी उपलब्ध कराया जाता है इस तालाब का जल स्तर की क्षमता 23 फीट है जिसमें अभी 13 फीट पानी आया है। गतवर्ष औसत से अधिक वर्षा होने के कारण पानी अधिक मात्रा में आया था और पानी की निकासी करना पड़ी थी। पानी की कमी की चिंता शहर के लोगों में है क्योंकि यह तालाब अशोकनगर की जनता की प्यास बुझाने वाला तालाब है। 2009 में जब इस तालाब में 14 फीट पानी आया था तब तालाब पूरा सूख गया था,17 साल बाद पानी की स्थिति फिर बनी है, 23 फीट क्षमता वाले स तालाब में 23 सीढिया बनी हैं जिनमें 13 सीढ़ी डूब गईं हैं 10 सीड़ियों तक पानी नहीं पहुंचा है। यही पानी का सही जल स्तर है जो एक सीढ़ी डूबने में पानी का जल स्तर बढ़ जाता है, लगभग 120 वर्ष पुराने इस तालाब का निर्माण ग्वालियर स्टेट के समय हुआ था, तब यह तालाब खेती की सिंचाई के बनाया गया था, 1965 में यहां जल प्रदाय योजना बनाई गाई थी, तब से अमाही जलाशय से ही पानी आ रहा है जो आज भी जारी है। आने वाले दिन अगर अच्छी वर्षा के हुए तो इस तालाब में पानी का जलस्तर बढ़ने के साथ साथ अशोकनगर शहर के नागरिकों की चिंता भी दूर हो सकेगी।

पुलिस ने 3 थानों के पुराने रिकार्डों का नियमबद्ध विनष्टीकरण किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

अशोकनगर पुलिस विभाग में शासकीय अभिलेखों का सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित संधारण तथा निर्धारित अवधि पूर्ण कर चुके अनुपयोगी अभिलेखों का नियमानुसार विनष्टीकरण एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक प्रक्रिया है। मध्यप्रदेश शासन द्वारा लागू प्रावधानों, पुलिस मुख्यालय के दिशा-निर्देशों एवं पुलिस रेगुलेशन के पैरा क्रमांक 970 के अनुसार पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा अनुभाग अशोकनगर, चंदेरी, मुंगावली एसडीओपी साहिबान की अध्यक्षता में कमेटी गठित कर उनके अनुभाग के अंतर्गत आने वाले थाना प्रभारियों को अपने-अपने थानों में अभिलेखों का परीक्षण, अद्यतनकरण, उचित संधारण तथा निर्धारित प्रक्रिया के तहत पुराने एवं अनुपयोगी रिकॉर्ड के विनष्टीकरण हेतु निर्देशित किया गया है। जिसके अंतर्गत शाढ़ौरा, चंदेरी, मुंगावली थानों के पुराने रिकार्ड का विनष्टीकरण किया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशों के पालन में थाना शाढ़ौरा, थाना चंदेरी एवं थाना मुंगावली द्वारा निर्धारित नियम एवं प्रक्रिया का पालन करते हुए पुराने एवं विनष्टीकरण योग्य रिकॉर्ड का नियमानुसार निस्तारण किया गया। यह कार्यवाही केवल पुराने रिकॉर्ड को हटाने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य थाना रिकॉर्ड रूम को व्यवस्थित करना है।

रिकॉर्ड प्रबंधन में आधुनिक तकनीक का समावेश

वर्तमान समय में पुलिस विभाग द्वारा रिकॉर्ड प्रबंधन को आधुनिक एवं तकनीक आधारित बनाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। सीसीटीएनएस एवं अन्य डिजिटल रिकॉर्ड संधारण प्रणालियों के माध्यम से आवश्यक अभिलेखों को अद्यतन एवं व्यवस्थित किया जा रहा है। इसके साथ ही थाना रिकॉर्ड रूम एवं थाना परिसर में स्वच्छता, सुव्यवस्था तथा शासकीय सामग्री के उचित रख-रखाव को प्राथमिकता दी जा रही है। पुराने रिकॉर्ड के नियमानुसार विनष्टीकरण से आवश्यक अभिलेखों की पहचान एवं सुरक्षित संधारण, रिकॉर्ड रूम में उपलब्ध स्थान का बेहतर उपयोग तथा अनुपयोगी एवं अनावश्यक सामग्री के व्यवस्थित निस्तारण में सहायता मिलेगी।

अन्य थानों में भी जारी रहेगी प्रक्रिया

जिले के अन्य थानों में भी निर्धारित मापदंडों एवं नियमानुसार रिकॉर्ड का परीक्षण कर विनष्टीकरण योग्य अभिलेखों का विधिवत निस्तारण किया जाएगा। इस दिशा में कार्यवाही चरणबद्ध रूप से जारी है। पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी थाना प्रभारियों को अपने- अपने थाना क्षेत्रों के रिकॉर्ड को अद्यतन रखने तथा निर्धारित अवधि पूर्ण कर चुके एवं नियमानुसार विनष्टीकरण योग्य रिकॉर्ड के संबंध में आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण करने के स्पष्ट निर्देश दिए हैं।

वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में सतत निगरानी

रिकॉर्ड विनष्टीकरण एवं रिकॉर्ड प्रबंधन की यह प्रक्रिया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश के मार्गदर्शन में तथा एसडीओपी अशोकनगर विवेक शर्मा, एसडीओपी चंदेरी महेश शर्मा एवं एसडीओपी मुंगावली सनम बी. खान के पर्यवेक्षण में निर्धारित नियमों एवं प्रक्रिया का पालन करते हुए संपादित की जा रही है। अशोकनगर पुलिस द्वारा रिकॉर्ड प्रबंधन, डिजिटल अभिलेखीकरण, स्वच्छ थाना परिसर एवं सुव्यवस्थित रिकॉर्ड रूम की दिशा में की जा रही यह पहल प्रशासनिक दक्षता, पारदर्शिता एवं बेहतर पुलिसिंग की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है। आगामी चरणों में भी जिले के शेष थानों में उक्त कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

गणेशोत्सव व दशलक्षण पर्व के दौरान परीक्षाएं पुनर्निर्धारित करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

विश्व हिंदू परिषद, जिला अशोकनगर ने तारा सदन हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य एवं प्रबंध समिति से आगामी गणेशोत्सव एवं दशलक्षण पर्व की अवधि में निर्धारित परीक्षाओं को पुनर्निर्धारित करने अथवा विद्यार्थियों को वैकल्पिक तिथि पर परीक्षा देने की सुविधा उपलब्ध कराने का आग्रह किया है। विश्व हिंदू परिषद ने कहा कि आगामी दिनों में गणेशोत्सव एवं जैन समाज का महत्वपूर्ण दशलक्षण पर्व मनाया जाना है। दोनों ही पर्व हिंदू एवं जैन समाज की धार्मिक आस्था, श्रद्धा एवं परंपराओं से गहराई से जुड़े हुए हैं। इन पर्वों के दौरान परिवारों में पूजा- अर्चना, धार्मिक अनुष्ठान, व्रत-उपवास एवं विभिन्न सामाजिक-धार्मिक गतिविधियां आयोजित होती हैं। ऐसे में विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों की धार्मिक एवं पारिवारिक व्यस्तता स्वाभाविक रूप से बढ़ जाती है। परिषद ने कहा कि धार्मिक पर्वों के दौरान विद्यार्थियों पर परीक्षा का अतिरिक्त दबाव डालना उचित नहीं होगा। परीक्षा की तैयारी एवं परीक्षा में सम्मिलित होने के साथ धार्मिक दायित्वों का निर्वहन करने में विद्यार्थियों को कठिनाई हो सकती है, जिससे उनकी मानसिक एकाग्रता एवं परीक्षा परिणाम प्रभावित होने की संभावना है।

विश्व हिंदू परिषद ने विशेष रूप से बताया कि तारा सदन हायर सेकेंडरी स्कूल में लगभग 500 विद्यार्थी जैन समाज से संबंधित हैं। वहीं गणेशोत्सव भी व्यापक रूप से हिंदू समाज की आस्था एवं श्रद्धा का पर्व है। अतः विद्यालय प्रबंधन से अपेक्षा है कि वह सभी विद्यार्थियों की धार्मिक भावनाओं, आस्था एवं सामाजिक परंपराओं का सम्मान करते हुए परीक्षा कार्यक्रम पर पुनर्विचार करे। परिषद ने मांग की है कि गणेशोत्सव एवं दशलक्षण पर्व की महत्वपूर्ण तिथियों को ध्यान में रखते हुए परीक्षाओं का पुनर्निर्धारण किया जाए अथवा संबंधित विद्यार्थियों के लिए वैकल्पिक परीक्षा तिथि की व्यवस्था की जाए, जिससे धार्मिक आस्था और विद्यार्थियों की शिक्षाकृदोनों के बीच संतुलन बना रहे। जिसमें बजरंग दल के विभाग संयोजक वेदराम लोधी, विश्व हिंदू परिषद, के जिला अध्यक्ष अंकित बड़कुल ,जिला मंत्री कंछेदी दांगी,जिला सहमंत्री अरुण जैन, कोषाध्यक्ष रमेश गुप्ता,अंकित कांसल,शुभम आदि रहे मौजूद।



अज्ञात वाहन की टक्कर से ऑटो चालक की मौत

अशोकनगर। अशोकनगर गुना सड़क मार्ग पर रविवार की रात एक अज्ञात वाहन की टक्कर से ऑटो चालक सुनील रजक निवासी सेमरखेड़ी की मौत हो गई थी जो वर्तमान में दुर्गा कॉलोनी अशोकनगर का निवासी है। ऑटो चालक की मौत के बाद अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने और गिरफ्तार की मांग को लेकर परिजनों अस्पताल चैराहे पर विरोध प्रदर्शन किया। मृतक सुनील रजक अपनी पत्नि को कोटिया गांव लेने के लिए बाईक से निकला था, तभी बीच सड़क मार्ग पर किसी अज्ञात कार ने उसे टक्कर मार दी, घटना के बाद कार चालक मौके से भाग गया। इस घटना में सुनील रजक के सिर में गंभीर चोटे आई थीं जिससे घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लाया गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजन और समाज के लोग जिला अस्पताल पहुंचे और पोस्ट मार्टम से पहले अस्पताल चैराहे पर एफआईआर दर्ज करने और आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। लगभग ढाई घंटे तक यह विरोध प्रदर्शन चलता रहा, पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे परिवार जनों को समझाया गया और कहा कि उक्त वाहन की तलाश की जा रही है। मृतक सुनील रजक के यहां 2 बच्चे हैं उसकी पत्नि सावन के त्यौहार पर अपने मायके दोनों बच्चों को लेकर गई हुई थी।

आरोन मार्ग पर दो बाइक आपस में टकराईं, चार लोगों की हुई मौत





हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

अशोक नगर आरोन सड़क मार्ग पर दो बाइक आपस में टकरा गई या घटना ग्राम चौकड़ी के साथ समय हुई इस घटना में एक बाइक पर सवार एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई जबकि दूसरी बाइक पर सवार तीन लोग शामिल थे जिनमें एक की मौत हो गई और दो घायलों को जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है।

घटना की कहानी यह है कि यह दोनों बाइक जब आरोन मार्ग पर सेगुजर रही थी तभी विपरीत दिशा से आने के बाद आपस में टकरा गई इस घटना में कजरा खुर्द ग्राम के रहने वाले शिवराज और उम्र 32 साल उनकी पत्नी धनकुमार भाई उम्र 31 साल और 7 वर्ष का पुत्र कला बाइक से रक्षाबंधन का त्यौहार मना कर अपने घर अशोकनगर आ रहे थे यहां मौके पर उनकी पत्नी की मौत हो गई उनके बेटे की मौत हो गई जबकि पत्नी ने जिला अस्पताल में दम तोड़ दिया दूसरी ओर बालवीर अहिरवार अपनी पत्नी गुड्डी बाई और दामाद संतोष के साथ बाइक से अशोकनगर आ रहा था तभी आपस में बाइक टकराने की घटना में बलवीर अहिरवार उम्र 52 साल की मौत हो गई जबकि उनकी पत्नी गुड्डी बाई और दामाद संतोष को जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है।

कलेक्टर की अध्यक्षता में समय-सीमा के लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक

सीएम हेल्पलाइन में विभागों ने प्राप्त की ए ग्रेडः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

सीएम हेल्पलाइन में जिले के सभी विभागों द्वारा ए ग्रेड प्राप्त किया गया है। इस कार्य के लिए सभी विभाग बधाई के पात्र हैं। इस मौके पर ए ग्रेड प्राप्त करने वाले अधिकारियों का सम्मान किया गया।


बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रसूति सहायता, जननी सुरक्षा योजना से संबंधित शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित किया जाए। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से संबंधित प्रकरणों में पात्र किसनों के दस्तावेजों एवं अभिलेखों का परीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही की जाए। प्रसूति सहायता एवं जननी सुरक्षा योजना से संबंधित प्रकरणों में पात्र महिलाओं को समय पर सहायता राशि का लाभ मिले यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए की सीएम हेल्पलाईन की पुरानी शिकायतों का निराकरण कराये। साथ ही



उन्होंने सीएम हेल्पलाईन में 100 दिवस एवं 50 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों का निराकरण प्राथमिकता से कराया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री जनविश्वास शिविरों में प्राप्त शिकायतों को समय सीमा निर्धारित कर उनका निराकरण कराया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने राजस्व न्यायालय का निरीक्षण करने के निर्देश दिये। राजस्व विभाग के तहत नामांतरण एवं बटवारा को आरसीएमएम पर अपडेट किये जाने के निर्देश संबंधितों को दिये। उन्होंने बलराम जयंती एवं जन्माष्ठमी पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम का प्लान तैयार कर कार्यक्रम आयोजित किये जाने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर साकेत मालवीय ने विभागों द्वारा माह जुलाई 2026 में प्राप्त शिकायतों का निराकरण कर ए ग्रेड प्राप्त करने पर एल-1,एल-2 अधिकारियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान सीएम हेल्पलाइन अंतर्गत ए ग्रेड प्राप्त करने पर सामाजिक न्याय विभाग,योजना एवं सांख्यिकी विभाग,खाद्य विभाग, नगरीय विकास,ऊर्जा,लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जनजातीय कार्य विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग,श्रम, कृषि, परिवहन, सहकारिता, स्कूल शिक्षा विभाग के एल-1,एल-2 अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही जनविश्वास अभियान 2026 अंतर्गत आयोजित शिविरों में लोक सेवा गारंटी अधिनियम अंतर्गत अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत माधुरी पटेल तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अशोकनगर शैलेन्द्र यादव द्वारा आवेदनों का शत प्रतिशत निराकरण करने पर सम्मानित किया गया। बैठक में फार्मर आईडी,आयुष्मान कार्ड,आधार कार्ड अपडेशन, समग्र आईडी ई-केवायसी,निर्माण कार्यो, भू-आवंटन, न्यायालयीन प्रकरण, पुराने क्षतिग्रस्त भवनों को गिराये जाने की कार्यवाही,फॉर्मर रजिस्ट्री,ठोस अपशिष्ठ प्रबंधन,आंगनवाडी तथा स्कूलों का अधिकारियों द्वारा शेड्यूल बनाकर निरीक्षण किये जाने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए।

असंयम अवस्था में कभी भी धर्म ध्यान नहीं होताः मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



साइंस ऑफ लिविंग के इस सत्र में परम पूज्य मुनि श्री 108 निरंजन सागर महाराज ने साइंस ऑफ मेडिटेशन पर विशेष प्रकाश डाला। हर व्यक्ति की भूमिका के हिसाब से ही आचार्यों ने ध्यान का निर्धारण किया है। जो ध्यान मुनियों के करने योग्य है उसे आर्यिकाएँ भी नहीं कर सकतीं। उसे सामान्यतः ऐलक और क्षुल्लक भी नहीं कर सकते।

व्रती पुरुष और व्रती महिलाएँ भी नहीं कर सकती हैं। फिर सामान्य पुरुष-महिलाएँ तो बहुत ही दूर की बात है। असंयम अवस्था में कभी भी धर्म ध्यान नहीं होता है। इस अवस्था में आज जगह-जगह ध्यान करवाया जा रहा है। जो कि आगम अर्थात धर्मशास्त्रों के बिल्कुल विपरीत हैं। जिन बीजाक्षरों के माध्यम से प्रतिष्ठा ग्रन्थों में प्रतिमा की प्रतिष्ठा की जाती है। आज उन बीजाक्षरों के माध्यम से असंयमी जन अपनी मान प्रतिष्ठा कर रहे हैं। क्या कभी ऐसा पहले कभी किसी ने सुना था? नहीं न। तो फिर आज यह नई पद्धति कहां से आ गई। प्रभु का शरीर निर्दोष होता है। उनके शरीर से किसी प्रकार का मल नहीं निकलता है। ऐसे पवित्र शरीर पर किये जाने वाला बीजाक्षरों का प्रयोग, क्या एक असंयमी अपने शरीर पर कर सकता है? यह प्रश्न बड़ा विचारणीय है। यह आगम के विपरीत प्रवृत्ति ही आपकी निम्न श्रेणी की मनोवृत्ति की परिचायक है। यह मात्र ख्याति, पूजा और लाभ की इच्छा का प्रदर्शक है। यह दुर्गति का महा कारण है।

इंडिया स्किल्स के विजेताओं को 2028 में जापान जाने का मौका 15 सितंबर तक होंगे पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

जिले के युवाओं के लिए अपनी प्रतिभा को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का अवसर है। संस्था प्रमुख एमव्ही संतोष कुमार ने बताया कि कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय तथा राष्ट्रीय कौशल विकास निगम के तत्वावधान में इंडिया स्किल्स प्रतियोगिता 2026-28 के लिए ऑनलाइन पंजीयन शुरू हो गया है। पंजीयन की अंतिम तिथि 15 सितंबर निर्धारित की गई है। इच्छुक युवा स्किल्स इंडिया डिजीटल पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर विजेता बनने वाले युवाओं को वर्ष 2028 में जापान के आईची में आयोजित होने वाली वर्ल्ड स्किल्स प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा। प्रतियोगिता के माध्यम से युवाओं को अपने हुनर का प्रदर्शन करने का अवसर मिलेगा। अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश का प्रतिनिधित्व करने का मौका भी मिलेगा। सामान्यतः उम्मीदवार का जन्म 1 जनवरी, 2006 या उसके बाद होना चाहिए। वहीं क्लाउड कंप्यूटिंग, साइबर सिक्योरिटी, इंडस्ट्री 4.0 जैसी आधुनिक स्किल्स के लिए आयु सीमा में छूट दी गई है। इन स्किल्स में 1 जनवरी, 2003 या उसके बाद जन्मे युवा भी पात्र होंगे। तकनीकी समस्या या जानकारी के लिए जिला समन्वयक सोनू लिल्होरे से संपर्क किया जा सकता है। प्रतिभागियों को पहले जिला स्तर पर अपनी प्रतिभा साबित करनी होगी। इसके बाद चयनित प्रतिभागी राज्य, क्षेत्रीय, राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेंगे। इस तरह विभिन्न चरणों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले युवाओं का चयन अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा।

राष्ट्रीय स्तर तक होगी प्रतियोगिता

युवा 63 कौशल में दिखा सकेंगे अपनी प्रतिभा को इंडिया स्किल्स प्रतियोगिता में रोबोटिक्स, क्लाउड कंप्यूटिंग, साइबर सिक्योरिटी, वेब टेक्नोलॉजी, वेल्डिंग, कारपेंट्री, कुकिंग, फैशन टेक्नोलॉजी, बेकरी, ऑटोमोबाइल सहित 63 इंडस्ट्री-रेडी स्किल्स शामिल हैं। खास बात यह है कि प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए किसी औपचारिक शैक्षणिक योग्यता की अनिवार्यता नहीं है। संबंधित कौशल में प्रतिभा और दक्षता रखने वाले युवा इसमें भाग ले सकते हैं।

टाइम लिमिट बैठक में लापरवाहियों पर कलेक्टर की कार्रवाई

किसी की वेतनवृद्धि रोकी, किसी का वेतन काटा तो किसी को दी हिदायत



खिलचीपुर के वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी को निलंबन का नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

कलेक्टोरेट सभागार में सोमवार दोपहर आयोजित टाइम लिमिट(समय सीमा) बैठक में कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा द्वारा लंबित प्रकरणों एवं जनहितकारी योजनाओं की प्रगति की विभागवार समीक्षा की गई। इस दौरान उन्होंने सभी पटवारी एवं सचिवों को अनिवार्य रूप से ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करने तथा उपस्थिति दर्ज नहीं करने पर वेतन रोकने के निर्देश दिए। मोबाइल पशु चिकित्सा इकाई द्वारा सार्थक ऐप पर उपस्थिति दर्ज नहीं करने पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए। उद्यम क्रांति योजना के प्रकरण समय पर प्रस्तुत नहीं करने पर उद्योग विभाग के दोनों निरीक्षकों का वेतन रोकने तथा पशुपालन विभाग के उप-संचालक डी.के. अहिरवार द्वारा प्रकरण बैंक में समय पर प्रस्तुत नहीं करने पर उनका भी वेतन रोकने के निर्देश दिए। जर्जर शाला भवनों का पुनः सत्यापन कराने तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले को प्रत्येक जर्जर शाला में उपयंत्री के साथ बैठक कर आवश्यक कार्य कराने के निर्देश दिए।

खिलचीपुर, मालचलपुर के उपयंत्रियों की वेतनवृद्धि रोकी

उक्त कार्रवाई एवं निर्देशों के साथ ही खिलचीपुर एवं माचलपुर के उपयंत्रियों द्वारा छात्रावासों का किराया निर्धारण नहीं किए जाने पर उनकी 1-1 वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने ऊर्जा विभाग के विद्युत बिलों का समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शासकीय विभागों द्वारा बिजली बिलों का समय पर भुगतान नहीं किए जाने की स्थिति में संबंधित शासकीय भवनों की विद्युत आपूर्ति विच्छेदित की जा सकती है।

खराब से अच्छे भवनों में शिफ्ट की जाएं आंगनबाड़ियां

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने महिला एवं बाल विकास विभाग को आंगनबाड़ी व्यवस्थाओं में आवश्यक सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। खराब एवं अनुपयुक्त निजी भवनों में संचालित आंगनबाड़ियों को चिन्हित कर उपयुक्त एवं बेहतर भवनों में स्थानांतरण कराने तथा परियोजना अधिकारी (ब्लॉक) कार्यालयों को भी बेहतर स्थानों पर संचालित कराने को कहा। जिला शहरी विकास अधिकारी से संबंधित फाइल पर स्पष्टिकरण भी मांगा गया।

कृषि विस्तार अधिकारी को सस्पेंशन का नोटिस

विकासखंड स्तर पर आयोजित पूर्व जनविश्वास अभियान शिविरों में प्राप्त शिकायतों एवं उनके निराकरण की रिपोर्ट सभी एसडीएम द्वारा प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। साथ ही, कृषि विभाग के प्रभारी वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी खिलचीपुर श्री के.के. जाटव को निलंबन हेतु नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। जिपं सीईओ श्री गढ़पाले ने पशुपालन विभाग में एल-1 एवं एल-2 स्तर की शिकायतों के कमजोर निराकरण पर संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। आगामी मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान, कुरावर की तैयारियों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को अगले 5 दिवस में सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए।

नायब तहसीलदार का पद खाली

चौकीदार के भरोसे माचलपुर उप तहसील कार्यालय, फरियादी लगा रहे चक्कर



मंगलवार को ही पहुंचते हैं प्रभारी तहसीलदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ माचलपुर

नगर का उप तहसील कार्यालय इन दिनों कर्मचारियों के अभाव में अव्यवस्थाओं का शिकार है। लंबे समय से नायब तहसीलदार की नियुक्ति नहीं होने के कारण उप तहसील का प्रभार जीरापुर तहसीलदार सुनील वर्मा के पास है। बताया जा रहा है कि प्रभारी तहसीलदार मंगलवार दोपहर माचलपुर पहुंचकर कार्यालयीन कार्य देखते हैं, जबकि अन्य दिनों में कार्यालय की व्यवस्थाएं लिपिकीय कर्मचारियों के भरोसे चलती थीं। लेकिन अब लिपिक सुनील वर्मा और उमेश शर्मा को भी जीरापुर कार्यालय बुला लिया गया है। ऐसे में उप तहसील कार्यालय में एक चैकीदार के भरोसे व्यवस्थाएं संचालित होने की स्थिति बन गई है।

अपने राजस्व एवं अन्य कार्यों को लेकर उप तहसील कार्यालय पहुंचने वाले ग्रामीणों और नगरवासियों को अधिकारी-कर्मचारी नहीं मिलने से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सोमवार को कार्यालय पहुंचे मुकेश राठौर, राजेंद्र सिंह पंवार और गंगाराम मालवीय ने बताया कि वे अपने काम के लिए कई दिनों से कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन यहां जिम्मेदार कर्मचारी नहीं मिलते। उनका कहना था कि दूर-दराज से आने के बाद भी काम नहीं होने से समय और पैसा दोनों बर्बाद हो रहे हैं।

जिम्मेदारों को कराया अवगत

उप तहसील कार्यालय की बिगड़ती व्यवस्थाओं और फरियादियों की परेशानी को लेकर जब खिलचीपुर एसडीएम ज्योति राजोरे को अवगत कराया गया तो उन्होंने बताया कि जीरापुर तहसीलदार दो दिन माचलपुर में बैठते हैं और जीरापुर में रहते हुए भी माचलपुर का कार्य देखते हैं। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि वर्तमान में माचलपुर उप तहसील कार्यालय में किसी की नियुक्ति नहीं है। एसडीएम ने समस्या के समाधान के लिए किसी कर्मचारी को माचलपुर भेजने की बात कही।

स्थायी व्यवस्था की मांग

क्षेत्रवासियों का कहना है कि माचलपुर एक महत्वपूर्ण उप तहसील क्षेत्र है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग राजस्व, नामांतरण, सीमांकन, प्रमाण-पत्र सहित विभिन्न कार्यों के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में कार्यालय में नियमित अधिकारी और कर्मचारियों की मौजूदगी बेहद जरूरी है। लोगों ने प्रशासन से उप तहसील में जल्द नायब तहसीलदार सहित आवश्यक कर्मचारियों की नियुक्ति कर स्थायी व्यवस्था बहाल करने की मांग की है, ताकि फरियादियों को बार-बार कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़े।

ब्रह्माकुमारीज ने मनाया सामूहिक रक्षाबंधन महोत्सव

विकारों और बुराइयों से मुक्ति का अनोखा बंधन रक्षाबंधनः मधु दीदी



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय सारंगपुर के तत्वावधान में रविवार शाम सामूहिक अलौकिक रक्षाबंधन महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजगढ़ से पधारी जिला प्रभारी ब्रह्माकुमारी मधु दीदी सहित नगर के अनेक गणमान्यजन, समाजसेवी एवं विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्रह्माकुमारी मधु दीदी ने कहा कि कलियुग के प्रभाव के कारण मनुष्य काम, क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार जैसे विकारों के बंधन में बंधा हुआ है। यही विकार व्यक्ति से कई बार गलत कार्य कराते हैं। परमात्मा का रक्षा सूत्र ऐसा अनोखा बंधन है, जो मनुष्य को इन विकारों से मुक्त कर आत्मा को उज्ज्वल बनाने की प्रेरणा देता है।

उन्होंने नारी के सशक्त स्वरूपों पर प्रकाश डालते हुए समाज को सकारात्मक दिशा देने वाली शिवशक्ति बनने का आह्वान किया। इस अवसर पर वैश्य समाज के प्रदेश अध्यक्ष ओपी विजयवर्गीय ने बहन-बेटियों की रक्षा एवं सम्मान की आवश्यकता बताते हुए ब्रह्माकुमारीज द्वारा समाज में व्यसन मुक्ति के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। लायन्स क्लब के को-ऑर्डिनेटर एवं लायन्स डिस्ट्रिक्ट महेश शर्मा ने भी संस्था की सामाजिक एवं सकारात्मक गतिविधियों की प्रशंसा की। कथा प्रवक्ता पं. अम्बाराम राजगुरु ने दृष्टांत के माध्यम से रक्षाबंधन के महत्व को समझाते हुए कहा कि रामायण में गिद्धराज जटायु ने रक्षा का कर्तव्य निभाया और अमर हो गए। इसी प्रकार ब्रह्माकुमारी बहनों की त्याग-तपस्या समाज को श्रेष्ठ चिंतन और नई दिशा देने के लिए प्रेरित कर रही है। नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि नीलेश वर्मा ने 'ओम शांति' की महिमा बताते हुए ब्रह्माकुमारी बहनों की त्याग और तपस्या को सराहा। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी भाग्यलक्ष्मी दीदी ने उपस्थितजनों को बुराइयों एवं विकारों को त्यागने की प्रतिज्ञा दिलाई। इसके बाद ब्रह्माकुमारी बहनों ने सभी भाई-बहनों को ईश्वरीय संदेश देकर राखी बांधी तथा अतिथियों को ईश्वरीय सौगात भेंट कर सम्मानित किया। कु. कुमकुम ने सुंदर नृत्य प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में आसपास के ग्रामीणजन, पेंशनर संघ के सदस्य, पर्यावरण प्रेमी, महादेव मित्र मंडल के सदस्य, समाजसेवी, पत्रकार, पार्षद एवं अन्य वरिष्ठजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का कुशल संचालन ब्रह्माकुमार नीरज भाई ने किया। अंत में ब्रह्माकुमारी भाग्यलक्ष्मी दीदी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

फरार अपराधियों के खिलाफ अभियान

8 स्थाई और 36 गिरफ्तारी वारंटियों को पकड़ा, 44 वारंट तामील किए

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

फरार अपराधियों और लंबे समय से लंबित वारंटों की तामील को लेकर राजगढ़ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सारंगपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने काबिंग गश्त के दौरान अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर 08 स्थायी वारंटी और 36 गिरफ्तारी वारंट तामील कराए। इस कार्रवाई में कुल 44 वारंटियों को पकड़ा गया। पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक राजगढ़ अमित तोलानी (आईपीएस) के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एल. बंजारे के नेतृत्व में जिले में अपराधियों की धरपकड़ और कानून व्यवस्था मजबूत करने के लिए 30 अगस्त की मध्यरात्रि विशेष काबिंग गश्त के निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में सारंगपुर एसडीओपी अरविंद सिंह एवं थाना प्रभारी उपनिरीक्षक राहुल रघुवंशी के नेतृत्व में थाना स्तर पर चार अलग-अलग पुलिस टीमों का गठन किया गया। टीमों को लंबे समय से लंबित स्थायी वारंट, गिरफ्तारी वारंट, जमानती वारंट, समंस, जिला बदर सहित अन्य मामलों में वांछित आरोपियों की धरपकड़ के लिए रवाना किया गया।

पुलिस टीमों ने वारंटियों के संभावित ठिकानों पर दबिश देकर 36 गिरफ्तारी वारंट एवं 08 स्थायी वारंट सहित कुल 44 वारंट तामील कराए। पुलिस की इस कार्रवाई से लंबे समय से फरार चल रहे वारंटियों में हड़कंप की स्थिति रही। कार्रवाई में थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी, उपनिरीक्षक राहुल सेंधव, अशोक यादव सहित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस टीम में सहायक उपनिरीक्षक आनंदीलाल भिलाला, हरिनारायण यादव, रामगोपाल यादव, सुरेश मेवाड़े, रामकैलाश दांगी, जमनाप्रसाद सिसोदिया सहित प्रधान आरक्षक, आरक्षक एवं महिला आरक्षकों ने भी सक्रिय योगदान दिया।

गोवंश को सड़क दुर्घटनाओं से बचाने के लिए माचलपुर के युवाओं ने बांधी रेडियम पट्टियां

सैकड़ों गोवंश सड़कों पर भटकने को मजबूर, सुरक्षा की पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ माचलपुर



नगर में सड़कों पर घूम रहे गोवंश को सड़क दुर्घटनाओं से बचाने के लिए माचलपुर के युवाओं ने सराहनीय पहल शुरू की है। युवाओं ने नगर में घूम रहे गौवंश को एक स्थान पर एकत्रित कर उनके गले में रेडियम की पट्टियां बांधीं, ताकि रात के समय वाहन चालकों को सड़क पर मौजूद गोवंश दूर से ही दिखाई दे सके और दुर्घटनाओं को रोका जा सके। बताया जा रहा है कि माचलपुर नगर में सैकड़ों की संख्या में गौवंश सड़कों और सार्वजनिक स्थानों पर घूमते नजर आते हैं। पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने के कारण ये गौवंश दर-दर भटकने को मजबूर हैं। आए दिन तेज रफ्तार वाहनों की चपेट में आने से कई गोवंश घायल हो जाते हैं, जबकि कुछ की सड़क दुर्घटनाओं में मौत भी हो जाती है।

घायल गोवंश का भी कराते इलाज

नगर के युवाओं द्वारा केवल रेडियम पट्टियां ही नहीं बांधी जा रही हैं, बल्कि सड़क दुर्घटनाओं में घायल होने वाले गौवंश का इलाज भी अपने स्तर पर कराया जाता है। युवाओं का कहना है कि वे गौवंश की देखरेख के लिए अपनी ओर से समय और धन खर्च कर रहे हैं। दुर्घटनाओं से बचाने के लिए रेडियम पट्टियां भी युवाओं द्वारा अपने निजी खर्च से खरीदी जा रही हैं। रात में वाहन की रोशनी पड़ने पर रेडियम पट्टी चमकती है, जिससे वाहन चालकों को सड़क पर मौजूद गौवंश दिखाई देने की संभावना बढ़ जाती है।

सड़कों पर बैठे गोवंश से यातायात भी प्रभावित

नगर की प्रमुख सड़कों पर बड़ी संख्या में गौवंश बैठे या घूमते दिखाई देते हैं। इससे वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी होती है और दुर्घटना का खतरा भी बना रहता है। विशेषकर रात के समय कम रोशनी में सड़क पर बैठे गौवंश दिखाई नहीं देने के कारण हादसे की आशंका और बढ़ जाती है। युवाओं का कहना है कि गौवंश की सुरक्षा के लिए शासन-प्रशासन द्वारा स्थायी व्यवस्था किया जाना जरूरी है। उनका आरोप है कि नगर में सड़कों पर घूम रहे सैकड़ों गौवंश की समुचित देखरेख नहीं हो पा रही है और उनके लिए आवश्यक सुविधाओं की भी कमी है।

स्थायी व्यवस्था की जरूरत

युवाओं की इस पहल से जहां गौवंश को दुर्घटनाओं से बचाने में मदद मिल सकती है, वहीं यह पहल प्रशासन के सामने भी एक महत्वपूर्ण सवाल खड़ा करती है। नगरवासियों का कहना है कि सड़कों पर गौवंश की समस्या का स्थायी समाधान होना चाहिए, ताकि गौवंश और वाहन चालक दोनों सुरक्षित रह सकें। स्थानीय युवाओं ने प्रशासन से मांग की है कि गौवंश के लिए उचित आश्रय, चारा-पानी और देखरेख की व्यवस्था की जाए तथा सड़कों पर घूम रहे गौवंश को सुरक्षित स्थान पर रखने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।

गले मिलकर मनाया भुजरिया पर्व

ग्यारसपुर। पटेल मोहल्ला स्थित बंगला भवन में कुशवाह समाज ने दशकों पुरानी परंपरा के तहत भुजरिया पर्व श्रद्धा और उमंग के साथ मनाया। समाजजनों ने एक-दूसरे को भुजरिया भेंट कर गले मिलकर प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का संदेश दिया। इस दौरान समाज की उन्नति, संगठन, शिक्षा और रोजगार को लेकर चर्चा हुई। अंधविश्वास व कुरीतियों के खिलाफ जनजागृति अभियान चलाने पर जोर दिया गया। युवाओं को शिक्षित होकर आगे बढ़ने और समाज का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया गया।

कुरवाई की 25 पंचायतों में अधिकारियों ने लिया जायजा

विदिशा। मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत प्रशासन द्वारा कुरवाई तहसील की 25 ग्राम पंचायतों में शनिवार को अधिकारियों ने निरीक्षण किया।

शासकीय कार्यालयों, स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों, स्वास्थ्य केंद्रों, उचित मूल्य दुकानों सहित विभिन्न संस्थानों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान ग्रामीणों से संवाद कर समस्याएं सुनी गईं और पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ मौके पर ही दिलाया गया। कांकर क्लस्टर की करैया, शेखपुर, दादूरार, नाउकुंड, टैंकू, तमोइया, कांकर, झगरिया, भौंरासा, जरगुंवा, राजपुर, पनावर एवं केथौरा तथा लायरा क्लस्टर की बासौदा, लचायरा, बरखेड़ा लायरा, मालिया खेड़ा, पाड़ोछा, लायरा, बरेठ, बरूअल, तलापार, सीहोरा, सिरावली एवं नगवासा पंचायतों में निरीक्षण किया गया।

कुरवाई में गोगाजी की छड़ी यात्रा निकाली

कुरवाई। वाल्मीकि समाज द्वारा प्रतिवर्ष निभाई जाने वाली परंपरा के तहत शनिवार को पूज्य आराध्य देव श्री गुरु गोरखनाथ एवं जहारवीर गोगाजी की छड़ी निशान शोभायात्रा श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाली गई। शोभायात्रा में सिरोंज और बीना से भी छड़ी निशान आमंत्रित किए गए थे। शोभायात्रा की शुरुआत श्री माता बाग मंदिर से हुई। यहां से छड़ी निशान नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए चुंगी नाका स्थित बेतवा तट पर श्री गुरु गोरखनाथ एवं श्री जाहरवीर गोगा देव मंदिर पहुंचे, जहां शोभायात्रा का विधिवत समापन किया गया। नगर में जगह-जगह क्षेत्रीय विधायक हरि सिंह सप्रे, शासकीय महाविद्यालय जनभागीदारी समिति अध्यक्ष सीताराम सैनी, प्रशासनिक अधिकारियों, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, नगर परिषद पार्षदों एवं गणमान्य नागरिकों ने छड़ी निशान का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। श्रद्धालुओं ने पूजन-अर्चन कर प्रसादी ग्रहण की।

40 मटकियों की विशेष पूजा के बाद किया विसर्जन

चालीहा महोत्सव के 14वें वर्ष में थिरका सिंधी समाज

- भक्ति गीतों पर महिलाओं ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

सिंधी समाज द्वारा चालीहा महोत्सव का 14वां वर्ष रविवार को श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर देश, शहर और समाज की सुख-समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना को लेकर बहिराणा साहब की ज्योत प्रज्वलित की गई।

चालीहा महोत्सव के तहत 40 मटकियों की विशेष पूजा-अर्चना कर विधि-विधान से उनका विसर्जन किया गया। पूरा कार्यक्रम सिंधी समाज के पुरोहित पंडित राकेश शर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। पंडित राकेश शर्मा ने बताया कि श्रावण मास में 40 दिनों तक भगवान वरुण देव श्री झूलेलाल को समर्पित चालीहा महोत्सव विदिशा ही नहीं, बल्कि विश्वभर में सिंधी समाज द्वारा श्रद्धा के साथ मनाया जाता है।

पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष सुरेश मोतियानी ने बताया कि रविवार दोपहर 12 बजे भगवान श्री झूलेलाल की महाआरती के बाद व्रत के अंतिम दिन श्रद्धालुओं ने



सिर पर मटकी रखकर पूजा-अर्चना की और इसके बाद मटकियों का विसर्जन किया गया। सिंधी पंचायत के पूर्व अध्यक्ष हरीश वाधवानी ने बताया कि चालीहा महोत्सव को सिंध के शासक मिर्कशाह के अत्याचारों से मुक्ति पाने के लिए जल देवता वरुण देव (झूलेलाल) की 40 दिनों की प्रार्थना की स्मृति में मनाया जाता है। श्रद्धालु अपनी क्षमता के अनुसार 40 दिन का उपवास रखते हैं। महामंत्री त्रिलोक वाधवानी ने बताया कि व्रत के दौरान जमीन पर सोना, सादा भोजन करना, बाल और दाढ़ी नहीं बनवाना सहित कई कठिन नियमों का पालन किया जाता है। उपाध्यक्ष ने बताया कि 40 दिन पूरे होने के बाद मटकी मेला पलाव यानी प्रार्थना दिवस का आयोजन किया जाता है। इसके बाद मटकियों को नदी या सरोवर में विसर्जित किया जाता है। संयुक्त मंत्री दिलीप कमरानी ने बताया कि भगवान झूलेलाल ने समाज को स्वतंत्रता और सद्भाव के साथ रहने तथा ऊंच-नीच और अमीरी-गरीबी के भेदभाव से दूर रहने का संदेश दिया है। महोत्सव के दौरान बच्चों और महिलाओं ने 'बाल मुंहजी पत रख जै भला झूलेलाल', 'सिंधड़ी जा', 'सेवन जा' और 'दमा दम मस्त कलंदर' सहित कई भक्ति गीत प्रस्तुत किए। गीतों पर नृत्य कर श्रद्धालुओं ने उत्सव में भक्ति और उल्लास के रंग भर दिए।

कार्यालय नगर परिषद खुजनेर जिला राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.

Fax & ☎ (07372) 257228 E-mail cmokhujner@mpurban.gov.in

क्रमांक / निर्माण/978/2026 -:: निविदा सूचना ::- खुजनेर दिनांक 25/08/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायँ आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वैबसाईट http://mpetendar.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD	निविदा की अंतिम तिमि
1.	2026_UAD_532716_1 DATE 31.08.26/10:30AM	निकाय के विभीन्न वार्डों में सी. सी. रोड़ निर्माण कार्य	1. 06 माह 2. 5607370	1. 10000 2. 42055	29.09.2026/ 17:30 PM
2.	2026_UAD_532719_1 DATE 31.08.26/10:30AM	वार्ड क्र.05 में सावरिया रोड मंदिर के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य	1. 06 माह 2. 2182499	1. 5000 2. 16369	29.09.2026/ 17:30 PM
3.	2026_UAD_532720_1 DATE 31.08.26/10:30AM	वार्ड क्र.05 मेड़तवाल धर्मशाला के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य	1. 06 माह 2. 1548164	1. 2000 2. 11611	29.09.2026/ 17:30 PM
4.	2026_UAD_532722_1 DATE 31.08.26/10:30AM	वार्ड क्र. 15 शिवजी की बगीची के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य	1. 03 माह 2. 393835	1. 2000 2. 3938	29.09.2026/ 17:30 PM

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://mpetendar.gov.in/ की वेवसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा। टेण्डर स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार वरिष्ठ अधिकारी परिषद को रहेगा।

कैलाशी बाई अमर सिंह, अध्यक्ष, नगर परिषद खुजनेर | ब्रजेश उपाध्याय, उपयंत्री, नगर परिषद खुजनेर | कृष्णकांत शर्मा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर परिषद खुजनेर